केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/95 दिनांक: 06.04.2017
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00089
CICOM/R/2017/00200

अपीलकर्ता : श्री मंजीत सिंह,
क्वार्टर नं. 315, सेक्टर – 3/ई,
बोकारो स्टील सीटी – 827003.

निर्णय की तारीख : 06.04.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 15.02.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 15.03.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री कृष्ण अवतार तलवार |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 21.03.2017 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 120932/28.03.2017 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 110/29.03.2017 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से आयोग में दाखिल चार द्वितीय अपीलों के डायरी नं. का उल्लेख करते हुए उन द्वितीय अपीलों पर की गई कार्यवाही से संबंधित सूचनाएं मांगी थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-पंजीयक (सेन्ट्रल रजिस्ट्री - 1) द्वारा प्रदान की गई सूचना से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि श्री कृष्ण अवतार तलवार द्वारा प्रदान की गई सूचना में दो अपीलों की सत्यापित प्रतिलिपि पुन: उपलब्ध करवाने का अपीलकर्ता से अनुरोध किया है तथा अन्य दो अपीलें जांच पड़ताल हेतु आयोग में लंबित हैं । अपीलकर्ता ने दो अपीलों की प्रतिलिपि प्रथम अपील आवेदन के साथ संलग्न किया है । इस संदर्भ में उप-पंजीयक (सेन्ट्रल रजिस्ट्री- 1) को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के दस कार्यदिवसों के अंदर जांच पड़ताल हेतु लंबित दो अपीलों (डायरी सं. 134299 व 186196) की वर्तमान स्थिति से अपीलर्ता को अवगत करवाया जाए तथा प्रथम अपील आवेदन के साथ संलग्न दो अपीलों की प्रतिलिपि भी इस आदेश के साथ संलग्न करते हुए निर्देश दिया जाता है कि इन अपीलों की जांच के पश्चात अपेक्षित आवश्यक कार्यवाही की जाए ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

6/4/17

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. उप-पंजीयक (सेन्ट्रल रजिस्ट्री -1), केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली - दो अपीलों की प्रतिलिपि संलग्न ।

C.I.C. / के. सू. आ.
RECEIVED
06 APR 2017
Initials:

06/4/17

C.I.C. / के. सू. आ.
ISSUED ON
07 APR 2017
D. No.
Initials